भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2655
उत्तर देने की तारीख 07 अगस्त, 2024

छत्तीसगढ़ में भारत नेट सेवा

2655 श्रीमती रूपकुमारी चौधरी:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की सभी ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ने के लिए लाई गई 'भारत नेट' सेवा की वर्तमान स्थिति क्या हैं;
(ख) छत्तीसगढ़ के कितने गांवों में भारत नेट 100 प्रतिशत क्षमता के साथ काम कर रहा है तथा छत्तीसगढ़ में इस योजना पर कितनी राशि खर्च की गई है;
(ग) योजना के कामकाज को सुव्यवस्थित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और
(घ) योजना के ठीक से काम न करने की स्थिति में जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) देश की सभी 2.6 लाख ग्राम पंचायतों (जीपी) को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट परियोजना को चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वित किया जा रहा है। दिनांक 30.06.2024 तक, छत्तीसगढ़ के 9,695 ग्राम पंचायतों सहित, 2,13,398 ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार किया गया है। छत्तीसगढ़ में दिनांक 30.06.2024 की स्थिति अनुसार भारतनेट परियोजना के तहत संवितरित निधि - पूंजीगत व्यय के लिए 2458.79 करोड़ रुपये और परिचालन व्यय के लिए 92.29 करोड़ रुपये हैं।

(ग) और (घ) इस स्कीम के कामकाज को सुव्यवस्थित करने के लिए उठाए गए कदमों में निगरानी के प्रयोजन से नियमित समीक्षा बैठकें और वीडियो कॉन्फ्रेंस, कार्य के निष्पादन के लिए समय पर निधि का संवितरण और लंबित आरओडब्ल्यू मामलों के समाधान शामिल हैं। यदि आवश्यक हो तो कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा किसी भी चूक के लिए अनुबंध की निबंधन एवं शर्तों के अनुसार कार्रवाई की जाती है।

*****